मखाना के लिये MSP

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **बिहार सरकार** ने केंद्र से **मखाना के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** घोषित करने का आग्रह किया है। मखाना राज्य के **10 ज़िलों में उगाई जाने वाली** एक जलीय फसल है।

मुख्य बिंदु

- **राज्य ने मखाना के लिये दरभंगा स्थित** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद**- राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र (ICAR-NRC) में कर्मचारियों की कमी के बारे में चिंता व्यक्त की है।**
- **बिहार देश का लगभग 85% मखाना उत्पादित करता है** तथा लगभग 10 लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसकी खेती और उत्पादन प्रक्रिया में शामिल हैं।
- कृषि मंत्रालय के अनुसार, **दरभंगा में मखाना के लिये ICAR-NRC** को भारत सरकार के **कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग** द्वारा मखाना फसल के संरक्षण, अनुसंधान और विकास के लिये **9वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (वर्ष 1997-2002) के दौरान** एक नई योजना के रूप में अनुमोदित किया गया था।
    - **मखाना के लिये NRC का कार्य फरवरी 2002 में शुरू हुआ, लेकिन वर्ष 2005 में इसे पटना स्थित ICAR-पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर (RCER) के साथ विलय कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप इसका "राष्ट्रीय" दर्जा समाप्त कर दिया गया।**
    - **मई 2023 में** केंद्र सरकार ने मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा को **"राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा"** में अपग्रेड किया और मछली जैसी अन्य जलीय फसलों को शामिल करने के लिये इसके अधिदेश का विस्तार किया।
    - **मखाना के लिये NRC को ICAR के कृषि इंजीनियरिंग प्रभाग के अंतर्गत स्थानांतरित कर दिया गया और लुधियाना स्थित ICAR-केंद्रीय कटाई उपरांत इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान से संबद्ध कर दिया गया।**

मिथिला मखाना

- **पान, माखन और मच्छ (मछली)** मिथिला की तीन प्रतिष्ठित सांस्कृतिक पहचान हैं।
- मिथिला मखाना या माखन (वानस्पतिक नाम: *??????? ???????? ???????- Euryale ferox Salisb*) **बिहार** और नेपाल **के मिथिला क्षेत्र में उगाया जाने वाला एक विशेष किस्म का मखाना है।**
- मखाना मिथिला की **तीन प्रतिष्ठित सांस्कृतिक पहचानों में से एक है**
- यह नवविवाहित जोड़ों के लिये मनाए जाने वाले **मैथिल ब्राह्मणों** के **कोजागरा उत्सव** में भी बहुत प्रसिद्ध है।
- मखाने में **कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन तथा फास्फोरस जैसे सूक्ष्म पोषक तत्त्वों** के साथ-साथ **प्रोटीन व फाइबर** होता है।
- **इसे वर्ष 2022 में भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त हुआ।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/msp-for-makhana